नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

मौसम
रपट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
20-जुलाई	26.0	29.0	बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।
21-जुलाई	25.0	33.0	बादल छाए रहेंगे। बारिश हो सकती है।

28 दिन पूरे होने के बाद भी नहीं लग पा रही को-वैक्सीन

भीलवाड़ा। कोरोना से बचाव के लिए जिले के जिन लोगों ने को-वैक्सीन की पहली डोज लगाई है, उन्हें 28 दिन पूरे हो गए। को-वैक्सीन आ नहीं रही है, ऐसे में उन लोगों के लिए दूसरी डोज लग नहीं पा रही। उनका इंतजार लंबा होता जा रहा है। राज्य सरकार से पिछले काफी समय से शहर में सिर्फ कोविशील्ड वैक्सीन की ही सप्लाई हो रही है। वो भी पर्याप्त नहीं। इस वजह से कई बार तो वैक्सीनेशन बंद करना पड़ता है। आजाद नगर सी सेक्टर निवासी एक महिला ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें को-वैक्सीन की दूसरी डोज 4 जुलाई को लगनी थी परन्तु भीलवाड़ा में इसकी आपूर्ति ही नहीं हो रही है, जबकि जयपुर के हर केन्द्र पर सिर्फ को-वैक्सीन ही उपलब्ध है। ऐसे में जिन लोगों ने को-वैक्सीन की पहली डोज लगाई, वे कोविशील्ड की दूसरी डोज भी नहीं लगा सकते। विशेषज्ञों द्वारा कोविड की तीसरी लहर की आशंका जताने के बाद ऐसे लोग जल्द दूसरी डोज लगाकर निश्चिंत होना चाहते हैं। पर सरकारी सप्लाई न होने के कारण चिंता बढ़ी हुई है। इस संबंध में आरसीएचओ डॉ. संजीव शर्मा का कहना है कि को-वैक्सीन की पहली डोज लगने के बाद 28 से 42 दिन तथा कोविशील्ड की पहली डोज लगने के बाद दूसरी डोज 84 से 112 दिन के बीच लगा सकते हैं। वैक्सीन की सप्लाई केंद्र सरकार से राज्य सरकार, राज्य सरकार से चिकित्सा विभाग को होती है। ऐसे में आगे से ही को-वैक्सीन की सप्लाई नहीं आ रही है। जब भी सप्लाई आएगी तब लगाई जाएगी।

रावत राजपूत महासभा देगी आर्मी भर्ती के लिए निशुल्क कोचिंग

भीलवाड़ा। राजस्थान रावत-राजपूत महासभा आर्मी द्वारा हाल ही में आयोजित अजमेर सेना भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण नरवर-दिवेर क्षेत्र के युवा साथियों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग कराएगी। यह निर्णय महासभा प्रदेशाध्यक्ष नाथुसिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल सिंह पीटीआई, संरक्षक नंदकिशोर सिंह व कार्यकारिणी में चर्चा के बाद लिया गया। प्रदेश प्रवक्ता जसवंत सिंह मण्डावर ने बताया कि अभ्यर्थियों के पंजीयन के उपरांत भीम व ब्यावर में निशुल्क कोचिंग व आवासीय व्यवस्था की जाएगी। इसमें अनुभवी प्रशिक्षकों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया जाएगा।

समाचार: जिला, आसपास

निजी चिकित्सालय आज पुनः खुलेंगे

प्रशासन और चिकित्सालय संघर्ष समिति के बीच हुई 6 घंटे की मैराथन बैठक।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

शहर के दो निजी चिकित्सालयों जिन्हें प्रशासन ने औचक निरीक्षण के दौरान शनिवार को सीज किया था। सोमवार सायं पुनः संचालित करने के आदेश दिये गये। स्वास्तिक व सिद्धि विनायक हॉस्पिटल की सिलिंग सोमवार देर शाम तक खोल दी गई। इसी के साथ मंगलवार सुबह से सभी निजी हॉस्पिटल पूर्व की भांति खुलेंगे। आईएमए ने निजी चिकित्सा संस्थानों व लैब में स्वास्थ्य सेवायें अनिश्चितकालीन स्थगित करने का अपना निर्णय वापस ले लिया गया है। सोमवार को निजी चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों की कलेक्टर शिवप्रसाद एम नकाते के साथ करीब 6 घंटे चली बैठक में यह निर्णय हुआ है। आईएमए अध्यक्ष डॉ. दुष्यंत शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे बाद जिला कलेक्टर के साथ उनकी बैठक हुई।छह घण्टे करीब चली इस बैठक में सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सभी शर्तों और निर्देशों की पालना के लिए समुचित समय प्रदान करते हुए दोनों हॉस्पिटल को सीज कार्रवाई से मुक्त रखने का आग्रह किया।चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों के इस अनुरोध पर दोनों निजी चिकित्सालयों को शर्तो और निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए समय देते हुये सीज मुक्त करने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक में एडीएम प्रशासन राकेश कुमार, सीएमएचओ डॉ. मुश्ताक खान, आईएमए प्रतिनिधि डा. कुलदीप नाथावत, डॉ. नरेश पोरवाल, डॉ. फरियाद मोहम्मद, डॉ. सुबोध जैन और डॉ. मोहित गैथलिया मौजूद थे। बैठक के अंत में चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया गया कि जिले के निजी चिकित्सालयों द्वारा कोविड 19 की संभावित तीसरी लहर से आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं अपेक्षाअनुरूप तैयारियों के मद्देनजर राज्य सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को लागू करते हुये संचालित किया जायेगा। साथ ही योजना और निर्देशों की पालना में आ रही तकनिकी एवं व्यवहारिक समस्याओं को चिकित्सा विभाग एवं राजस्थान स्टेट हैल्थ इंश्योरेंस एजेंसी तथा न्यू इंडिया इंश्योरेंस के संज्ञान में लाया जाकर समुचित समाधान का प्रयास किया जायेगा।

गौरतलब है की शनिवार को जिलास्तरीय टीम ने फायर सेफ्टी, बायो मेडिकल वेस्ट के भंडारण और निस्तारण, समुचित पार्किंग व्यवस्था, अधिकृत भू-उपयोग परिवर्तन और निर्माण स्वीकृति की पालना सुनिश्चित करने की केंद्र व राज्य सरकार की गाइड लाइन के अनुसार स्वास्तिक और सिद्धि विनायक अस्पताल को नियमों की पालना नहीं करने पर सीज कर दिया था। इसके विरोध में आईएमए ने संघर्ष समिति बनाई। साथ ही निजी चिकित्सा संस्थान और लैब में अनिश्चित कालीन स्वास्थ्य सेवाये स्थगित करने का निर्णय लिया। इसके चलते ये निजी संस्थान बंद थे। भीलवाड़ा में आईएमए के अध्यक्ष डॉ. दुष्यंत शर्मा की अगुवाई में निजी चिकित्सक पूर्व मंत्री एवं मांडल विधायक रामलाल जाट की शरण में पहुंचे और भीलवाड़ा डेयरी में उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सीज अस्पताल को बिना शर्त खोलने के आदेश जारी करवाने की मांग की। इसके बाद जिला कलक्टर को भी ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया की जिला प्रशासन ने कानूनी शक्तियों का पूरी तरह दुरुपयोग कर अस्पताल को सीज किया है। अस्पताल प्रबंधन को कमियां दूर करने के लिए कुछ समय देना चाहिए था। प्रशासन की औचक कार्यवाही से चिकित्सकों में भारी रोष व्याप्त है ,सीज का कारण निर्धारित मापदंडों में कमी पाया जाना बताया गया है। ये वही मापदंड हैं जो किसी भी सरकारी चिकित्सालय में भी पूरे नहीं हैं।और जो मापदंड बना कर रखे गए हैं उनको जब राजस्थान का कोई भी सरकारी चिकित्सालय पूरा नहीं करता है तो इन मापदंडों को हमारे यहां की परिस्थितियों के अनुरूप पुनः निर्धारित करने की आवश्यकता है।

शिवजीराम मीणा के पद चिन्हों पर चलकर कार्यकर्ता पार्टी को करें मजबूत : बहेड़िया

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

सांसद सुभाष चंद्र बहेड़िया ने कहा कि जहाजपुर के पूर्व विधायक शिवजीराम मीणा के पद चिन्हों पर चलकर कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करें। वे भाजपा के शक्करगढ़ ग्रामीण मंडल की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। ग्राम पंचायत बिलेठा के बिरामाता में मंडल अध्यक्ष शैतान सिंह मीणा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बहेड़िया ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की रीति-नीति, केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बहेड़िया के पहुंचते ही पूर्व विधायक मीणा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी कार्यकर्ताओं द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में विधायक गोपीचंद मीणा, दिनेश पत्रिया, शैतान सिंह मीणा, अंजनी शर्मा, पूर्व प्रधान रामप्रसाद मीणा, मीणा समाज के अध्यक्ष तथा सतीश मीणा अमरवासी, पूर्व प्रधान रघुवीर सिंह, लाला राम गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया लाल जाट, खेमराज मीणा, एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

कोरोना वारियर्स का अल्पसंख्यक जिला कांग्रेस ने किया सम्मान

बिजयनगर। अल्पसंख्यक देहात जिला कांग्रेस कमेटी व जन्नत वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कोरोना काल में मानवता की सेवा, समाज सेवा के लिए कार्य करने पर व जरूरत मंद लोगों को 300 खाद्य सामग्री के किट वितरण करने पर सहयोग करने पर कस्बे के कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया। जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के देहात जिलाध्यक्ष हाजी मोहम्मद महमूद खान के नेतृत्व में आयोजित कोरोना वारियर्स सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला रसद अधिकारी अंकित पचार ने माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया।

फटाफट

घर पर ही करें इबादत

काछोला। त्रिस्तरीय जन अनुशासन दिशा निर्देश 5 के अनुसार केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कोरोना कोविड 19 की रोकथाम हेतु नई गाइड लाइन के अनुसार इस माह में आने वाले धार्मिक त्यौहार, यात्राएं आयोजित होने से सार्वजनिक स्थानों पर भीड़-भाड़ होने की संभावना को देखते हुए कोरोना संक्रमण फैलने से रोकने हेतु दिशा निर्देशों की पालना को लेकर माण्डलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह राठौड़ ने काछोला थाना परिसर में 21 जुलाई को आने वाले इदुलअजहा ईद का त्यौहार पर भीड़ भाड़ ना हो और ईदगाह में इबादत ना होकर अपने घरों पर ही इबादत करे यह बात काछोला मुस्लिम समाज जनों को कही।थाना प्रभारी रतन लाल खटीक ने भी आगामी त्यौहार को आपसी सौहार्द, भाईचारे के साथ कोरोना गाइड लाइन की पालना के साथ मनाए। किया स्वागत-ईद पर्व व पुलिस प्रशासन द्वारा कोरोना महामारी लॉक डाउन में कोरोना योद्धा के रूप कार्य कर आमजन के बेहतरीन कार्य करने पर मुस्लिम समाज द्वारा माण्डलगढ़ पुलिस अधीक्षक राठौड़ व थाना प्रभारी का फुल पोशि व दस्तारबंदी कर स्वागत किया। इस अवसर पर एएसआई नरपत सिंह,रामेश्वर लाल,विजय सिंह,राजू राम,विकास कुमार,सदर हाजी मुंशी मोहम्मद मंसुरी, अब्दुल सलाम रँगरेज,उम्मेद खान कायमखानी,असरफ अली बिसायती,मोहम्मद शब्बिर रँगरेज,कमालुद्दीन रँगरेज, सरवर खान कायमखानी,उस्मान गनी रँगरेज,इसाक मंसुरी सहित आदि उपस्थित थे।

एनटीएसई स्टेज-2 में एलन भीलवाड़ा के 2 स्टूडेंट्स स्कॉलरशिप के लिए चयनित

भीलवाड़ा। एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनटीएसई) स्टेज-2 के जारी किए गए परिणामों में एलन भीलवाड़ा के दो स्टूडेंट्स ने कामयाबी हासिल की है। एलन भीलवाड़ा के सेंटर हेड अंकुर पोरवाल ने बताया कि एनटीएसई स्टेज-2 के परिणामों में 02 विद्यार्थियों का चयन स्कॉलरशिप के लिए हुआ है। इसमें मेहुल दरक और हर्षिता प्रतिहार शामिल है। एलन के निदेशक बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि नेशनल रिजल्ट में एनसीईआरटी द्वारा जारी परिणामों में देशभर में कुल 2060 विद्यार्थियों को चयनित घोषित किया गया है, जिसमें एलन के 509 विद्यार्थियों का चयन स्कॉलरशिप के लिए सुनिश्चित हुआ है। इसमें क्लासरूम कोचिंग के 351, वर्कशॉप के 130 तथा दूरस्थ शिक्षा से 28 विद्यार्थी एलन से जुड़े हुए हैं। अंकुर पोरवाल ने बताया कि एनसीईआरटी द्वारा जारी परिणामों में सामान्य श्रेणी की कटआफ 132, ओबीसी की 110, एससी की कटआफ 98, एसटी 89, तथा ईडब्ल्यूएस की कटऑफ 81 रही है।

हलचल : मेवाड़

जी.सी. जैन चुने गये एमसीसीआई के अध्यक्ष

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की 50वीं वार्षिक आमसभा एवं कार्यकारणी समिति व पदाधिकारियों के वार्षिक चुनाव सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्स मीटिंग में सम्पन्न हुए। आमसभा के बाद कार्यकारणी समिति की प्रथम बैठक में जी सी जैन को सर्वसम्मति से वर्ष 2021-22 के लिए पुनः अध्यक्ष चुना गया। जी सी जैन कपड़ा निर्यातक स्टार एक्सपोर्ट हाउस सम्पक सिन्थेटिक्स के प्रबंध निदेशक है। वह सीए एवं सीएस है, जैन इससे पूर्व संगम इण्डिया लिमिटेड के प्रिसिडेन्ट रह चुके है। आर के जैन को लगातार पांचवी बार पुनः मानद महासचिव चुना गया।

आर के जैन, सीएस है एवं कॉर्पोरेट सलाहकार है एवं काफी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है। आर एस डब्ल्यू एम लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक बी एम शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हिन्दुस्तान जिंक के विनोद कुमार, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के पूर्व कार्यकारी निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा एवं जे के टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज कांकरोली के महाप्रबंधक अनिल मिश्रा एवं उपाध्यक्ष चुना गया। वी के मानसिंगका को संयुक्त सचिव एवं कमल मोदी को कोषाध्यक्ष चुना गया।

आमसभा में पूर्वाध्यक्ष आर पी सोनी, आर एल नौलखा, एस एन मोदानी, जे सी लढ्ढा ने भी अपने विचार एवं भीलवाड़ा टेक्सटाइल उद्योग के आगामी 20 वर्ष के लिए अपना विजन रखा। इससे पूर्व मानद महासचिव आर के जैन ने गतवर्ष की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि 25 मार्च 2020 से अभी तक देश में कोरोना महामारी की दो लहरों एवं लॉकडाउन के कारण औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियां काफी लम्बे समय तक बन्द रहने से आर्थिक व्यवस्था पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा।

अभी तक भी व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह से व्यवस्थित नहीं हो सकी हैं। इसके कारण उद्योग एवं व्यापार जगत को गम्भीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष कोविड वैक्सीन लगना प्रारम्भ हुआ। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस कार्य के लिए जन साधारण एवं विशेष रुप से उद्योगों, कॉर्पोरेट घरानों को योगदान देने का आव्हान किया था। भीलवाड़ा के जिला कलक्टर शिव प्रसाद एम नकाते की पहल पर, मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के प्रयासों से सदस्यों ने 4 करोड़ से अधिक की सहायता मुख्यमंत्री सहायता कोष एवं वैक्सीनेशन एकाउण्ट में दी।

पद्मिनी क्लब ने किया वृक्षारोपण

भीलवाड़ा। पद्मिनी क्लब की साधारण सभा का आयोजन यश स्वाध्याय भवन कांवा खेड़ा में संरक्षिका स्नेहलता जी धारीवाल के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभापति मधु जाजू, प्रांतीय अध्यक्षा कल्पना माहेश्वरी ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ ईश वंदना से किया गया। सभा में आगे की कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। पद्मिनी क्लब की अध्यक्षा कनकावती चंडालिया ने बताया कि सभा के पश्चात क्लब द्वारा यश स्वाध्याय के बाहर फ्लोरा पार्क के पास में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें कदम का पेड़ अशोक का वृक्ष व नीम के पौधे लगाए गए।

दो पारियों में होगा कचरा संग्रहण

एक हेल्पर डालेगा गीला-सूखा कचरा।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

हिंदू धर्म में गोसेवा का बहुत महत्व है। बुजुर्ग तो आज भी घर में बनने वाली पहली रोटी गौग्रास के रूप में निकालते है। कई लोग पुण्य कमाने के लिए चारा डालते हैं। सड़कों पर चारा डालने की इस प्रवृति से गायों का झुंड सड़कों पर रहता है। वे आपस में जोर-आजमाइश करती हैं तो वाहनों या राहगिरों को अपनी चपेट में ले लेती है, जिससे हादसे होते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद नवाचार करने जा रही है। शहर में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य में लगे ऑटो टिपर में एक बाल्टी लगाई जाएगी। यह टिपर जब घर-घर कचरा संग्रहण करने जाएगा तो उस पर लगी बाल्टी में क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति गाय के लिए रोटी डाल सकेगा। परिषद सभापति राकेश पाठक की पहल पर यह नवाचार किया जाएगा। पाठक ने बताया कि रोटी के लिए अलग से हम कोई संसाधन नहीं लगा रहे। जो टिपर कचरा संग्रहण के लिए जा रहे है, वे ही इसमें भी काम आएंगे। जितनी भी रोटी एकत्र होगी, उन्हें फिर नगर परिषद के कांइन हाउस में पहुंचाया जाएगा ताकि वहां रह रहे गौवंश को खिलाई जा सके। पाठक ने बताया कि शहर में चल रही घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था में भी बदलाव किए जाने की योजना है। वर्तमान में नगर परिषद के सफाई बेड़े में 75 ऑटो टिपर हैं। इसके अलावा लोडर, डंपर, जेसीबी, कॉम्पेक्टर सहित कुल सवा सौ संसाधन हैं। नए संसाधन और खरीदे जाएंगे। इसके बाद एक शिफ्ट में चल रहे घर-घर कचरा संग्रहण को दो शिफ्ट में टिपर भेज करवाया जाएगा। हर टिपर के साथ एक हेल्पर भी रहेगा। वही गीला व सूखा कचरा भी टिपर में डालेगा। वर्तमान में चल रही कचरा संग्रहण व्यवस्था पर सालाना 3 करोड़ 21 लाख रुपए व्यय हो रहे हैं। नए संसाधन खरीदने व दो शिफ्ट में कचरा संग्रहण व्यवस्था शुरू करने के बाद सालाना 7.60 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

सुर्खियां

भैरुनाथ की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न

भीलवाड़ा। कोली समाज द्वारा आज आषाढ़ भल्लालिया नवमी गुप्त नवरात्र के अवसर पर पांडवों की कुल देवी गढ़ गहुली माता एवं चलानिया भेरुनाथ एवं शेर दो शेरिया एवं संकट मोचन हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पण्डित हरि ओम शास्त्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि कोली समाज द्वारा पूर्वजो द्वारा स्थापित जोगणिया माता जमीन परिसर में देवी देवताओं को 15 वर्ष पुराने संकल्प को हरिसेवा आश्रम के संत माया राम एवं महंत बाबूगिरी जी महाराज आर एस एस के सरसंघ संचालक चाँदमल सोमानी रवि जाजू महेश नेहवाल पार्षद उदयलाल तेली की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भामाशाह छोटूलाल बलापरिया , ओम प्रकाश खटुम्बरा प्रकाश सुनारिया ताराचंद ,महेंद्र शंकरलाल भेरुलाल , बुध्दि प्रकाश , राजेश भोपा का साफा बंधवाकर सन्तो द्वारा सम्मान किया गया । इस अवसर पर सन्तो द्वारा छायादार फल आम बरगद, पीपल करंज ,अशोक व्रक्ष लगाकर पौधारोपण किया ।

बस चालक से मारपीट कर ले गए बस और नकदी

भीलवाड़ा। लैंडमार्क होटल के समीप कुछ लोग हरिद्वार से भीलवाड़ा आई वीडियो कोच बस के चालक से मारपीट कर बस व उसमें रखे डेढ़ लाख रुपये लेकर रवाना हो गए। प्रताप नगर पुलिस के अनुसार रेवाड़ी निवासी संदीप पुत्र किशन यादव ने रिपोर्ट देकर बताया की वह हरिद्वार से भीलवाड़ा वीडियो कोच बस लेकर आया था। यहां लैंडमार्क होटल स्थित स्टेंड पर पहुंचने के बाद कैलाश सहित तीन-चार लोग आये। इन लोगों ने उसे चालक सीट से नीचे उतार कर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद ये लोग बस को चुरा ले गये। संदीप ने रिपोर्ट में बताया कि बस में डेढ़ लाख रुपये भी थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितो और बस की तलाश शुरू कर दी। पुलिस का यह भी कहना है कि दोनों पक्षों के बीच लेन-देन का विवाद हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोरोना जागरूकता पर ऑनलाइन क्विज आयोजित

भीलवाड़ा। जिला प्रशासन की ओर से कोरोना से बचाव व नियंत्रण के तहत चल रही एन्टी कोविड गतिविधियों के तहत सोमवार को चूरिया-मूरिया सेवा समिति की ओर से ऑनलाइन जागरूकता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। संस्था सचिव हेमलता अगनानी ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका और इससे बचाव , टीकाकरण हेतु प्रेरित करने के लिये शिक्षक रमेश अगनानी और महेश कुमार कोली ने प्रश्न तैयार करके , कोविड से बचाव के लिये सावधानियां पर वीडियो अपलोड करके ऑनलाइन आयोजन करवाया। लोगों ने फीडबेक में इसे अत्यन्त उपयोगी बताया।

छाये बदरा, बिन बरसे निकले

भीलवाड़ा। प्रदेश के कई हिस्सों में भले ही मानसून की मेहर बरस रही हो, पर भीलवाड़ा शहर में दो दिन से बादल छाए हैं। उमस से बेहाल लोगों को अच्छी बारिश का इंतजार है। सोमवार सुबह भी हल्की बूंदाबांदी होकर रह गई। दोपहर तक बादल छाए रहे, पर अच्छा पानी नहीं बरसा। जिले के अधिकतर बांध रीते पड़े हैं। उधर, राज्य के मौसम विभाग ने 19, 20 व 21 जुलाई को भीलवाड़ा सहित कई जिलों में मेघगर्जन, भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। महादेव की भक्ति का पवित्र महीना सावन 23 जुलाई से शुरू हो जाएगा। मौसम विभाग की मानें तो इस बार सावन में बारिश की झड़ी लगेगी।

समाचार-आसपास

50 थाली सेट भेंट

भीलवाड़ा। लायंस क्लब भीलवाड़ा स्टार ने जिला कारागृह में जरूरत के अनुसार 50 थाली सेट लायन पंकज मीनल जैन की ओर से भेंट किए गए। क्लब अध्यक्ष अंजली नैनावटी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांडलगढ़ के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ तथा विशिष्ट अतिथि जोन चेयरमेन पवन पंवार थे। सभी अतिथियों का स्वागत क्लब सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभात नैनावटी, प्रीति गड्डानी, अल्पना बांगड़ सहित कई सदस्य उपस्थित थे। कारागृह अधीक्षक प्रमोद सिंह ने सभी से आगे भी सहयोग की अपील की।

बैंकों के लोन नहीं चुकाने वालों पर आपराधिक कार्यवाही की मांग

भीलवाड़ा। बैंकों के राष्ट्रीयकरण की 52 वी वर्षगांठ पर बैंकों के संगठन एआईबीईए की राज्य इकाई राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाईज यूनियन ने आज राष्ट्रीयकरण दिवस मनाने का निर्णय किया है। स्थानीय इकाई के सचिव अशोक कुमार बिड़ला ने बताया कि केंद्र सरकार आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत करें। बैंकों का निजीकरण बन्द करने के साथ ही बैंकों के खराब ऋणों की वसूली, ऋण नहीं चुकाने वालों की सूची प्रकाशित करने, जानबूझकर ऋण नहीं चुकाने वालों पर आपराधिक कार्यवाही करनी चाहिए। बैंक जमा राशि पर ब्याज दरें बढ़ाने, बैंक के भारी भरकम सेवा शुल्कों में कटौती करने व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अधिग्रहण करने की मांग केंद्र सरकार से की गई है। राज्य स्तर पर बड़े केन्द्रों पर यूनियन की ओर से प्रदर्शन भी किया गया।

नाबालिग से दुष्कर्म, मामला दर्ज

भीलवाड़ा। खेत पर पर काम करती एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला बागौर पुलिस ने दर्ज किया है। बागौर थाना प्रभारी छोटूलाल ने बताया कि एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दी कि उसकी 14 वर्षीय बेटी पिछले शुक्रवार को खेत पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान उसे अकेला पाकर एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया । पुलिस ने इस रिपोर्ट के आधार पर पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बाइक सवार की हादसे में मौत

भीलवाड़ा। बदनौर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे 148 डी स्थित चोटियास चौराहे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार चोटियास निवासी प्रभुलाल पुत्र गोपी राम गुर्जर की मौत हो गई। शव का आसींद सीएचसी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

अवैध बजरी परिवहन करते ट्रेलर को किया जब्त

भीलवाड़ा। जिले के शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में खनिज विभाग की टीम ने बजरी परिवहन करते ट्रेलर को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया। जानकारी के अनुसार शक्करगढ़ क्षेत्र में बजरी से भरे ट्रेलर को खनिज विभाग ने शक्करगढ़ के निकट रुकवा कर थाने के बाहर खड़ा करवाया दिया। जांच में वाहन के पास रव्वना पाया गया लेकिन वाहन में बजरी ओवरलोड भरी होने की वजह से उसे डिटेन कर लिया गया। गौरतलब है की जिले की बॉर्डर पर चेक पोस्ट नहीं होने से रात्रि के समय में कई ओवरलोड वाहन गुजर जाते है।

जहर सेवन से अधेड़ की मौत

भीलवाड़ा। जिले के रायसिंहपुर गांव के एक अधेड़ की विषाक्त वस्तु का सेवन करने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मांडलगढ़ पुलिस के अनुसार रायसिंहपुर निवासी ओंकार सिंह पुत्र नाहरसिंह राजपूत ने घर पर ही विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया। इसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। सिंह को परिजनों ने महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसने दम तोड़ दिया।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615 | ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

क्रम सं.	नाम और फ़ोलियो नं.	प्रमाण पत्र सं	डिस्टिंक्टिव नं.	इक्विटी शेयरों की सं.
1.	श्री देवराजू - 9495	25107	2491171-2491270	100

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए। जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

कृते के लिए
टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक: 20-07-2021
स्थान: नई दिल्ली